प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 अक्तूबर 2022

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – सितंबर 2022

सितंबर 2022[1] महीने के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में सितंबर 2022 में 16.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह 6.8 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें सितंबर 2021 में 10.6 प्रतिशत की तुलना में सितंबर 2022 में 13.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में सितंबर 2021 में 1.7 प्रतिशत की तुलना में सितंबर 2022 में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आकार के अनुसार देखें तो, बड़े उद्योग को प्रदत्त ऋण में एक साल पहले के 2.1 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 7.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 37.1 प्रतिशत की तुलना में सितंबर 2022 में 36.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 27.1 प्रतिशत (एक साल पहले 13.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई।
- उद्योग के भीतर, ‘सभी इंजीनियरिंग’, ‘मूल धातु और धातु उत्पादों’, ‘पेय पदार्थ और तंबाकू’, ‘सीमेंट और सीमेंट उत्पाद’, ‘रसायन और रासायनिक उत्पाद’, ‘निर्माण’, ‘खाद्य प्रसंस्करण’, ‘कांच और कांच के बने पदार्थ’, ‘इन्फ्रास्ट्रक्चर’, ‘चमड़ा और चमड़े के उत्पाद’, ‘पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन’, ‘रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पाद’, ‘वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण’ एवं ‘लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद’ हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि सितंबर 2022 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ी। हालांकि, ‘रत्न और आभूषण’, ‘खनन और उत्खनन’, ‘कागज और कागज के उत्पादों’ एवं ‘कपड़ा’ की ऋण वृद्धि में गिरावट आई।
- सेवा क्षेत्र की ऋण वृद्धि एक साल पहले के 1.2 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2022 में 20.0 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से ‘एनबीएफसी’ और 'व्यापार क्षेत्रों' द्वारा ऋण उठाव में सुधार की वजह से थी।

---

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- वैयक्तिक ऋण खंड में सितंबर 2022 में 19.6 प्रतिशत (एक साल पहले 13.2 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, जो मुख्यतः 'आवास' और 'वाहन ऋण' खंडों द्वारा प्रेरित थी।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1117